कार्यवाही | ज्वेलर्स कारोबारियों के ठिकानों पर सर्चिंग, लेनदेन, स्टॉक में मिली गड़बड़ियां

सीजीएसटी छापा : 5 .75 करोड़ की फर्जी आईटीसी नेटवर्क का भंड़ाफोड़

▶ दो फर्मों में कम तो एक में अतिरिक्त स्टॉक मिला, 20 लाख का राजस्व वसूला

जबलपुर। सीजीएसटी जबलपुर ने सराफा और सदर में स्थित ज्वेलर्स कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की। जिसमें 5.75 करोड़ की फर्जी आईटीसी के बिलों के नेटवर्क का भंड़ाफोड़ हुआ। लेनदेन, स्टॉक में भारी गड़बड़ियां मिली। दो फर्मों में कम तो एक में अतिरिक्त स्टॉक मिला है। इस दौरान 20 लाख का राजस्व वसूला गया।

सीजीएसटी अधिनियम अंतर्गत डीजीएआरएम, सीजीएसटी जबलपुर द्वारा फर्जी आईटीसी प्रकरण में धन के लेन-देन (मनी ट्रेल) की पुष्टि एवं संदिग्ध बैंक लेन-देन के मूल्यांकन के लिए मेसर्स नवकार ज्वैलर्स, मेसर्स नितेश रितेश ज्वैलर्स एवं मेसर्स राजेश ज्वैलर्स के परिसरों पर कार्यवाही की गई है। इस दौरान आयकर विभाग से प्रमाणित वैल्यूअर्स की सहायता ली गई।

सदर-सराफा में एक साथ चली कार्यवाही, कारोबारियों में हड़कंप-सूत्रों के मुताबिक आयुक्त लोकेश कुमार लिलहारे के निर्देशन में सीजीएसटी जबलपुर ने फर्जी आईटीसी नेटवर्क और संदिग्ध बैंक लेनदेन की जांच के लिए सदर स्थित मेसर्स नवकार ज्वेलर्स और सराफा स्थित मेसर्स नितेश रितेश ज्वेलर्स, मेसर्स राजेश ज्वेलर्स के व्यावसायिक परिसरों में एक साथ छापेमारी की गई। कार्यवाही के दौरान नवकार और नितेश रितेश ज्वेलर्स में सोने-चांदी का स्टॉक कम पाया गया, जबकि राजेश ज्वेलर्स में अतिरिक्त स्टॉक दर्ज किया गया। इस दौरान सराफा कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा।

इन फर्मों में सोना-चांदी का स्टॉक मिला कम

सीजीएसटी की कार्रवाई के दौरान मेसर्स नवकार ज्वैलर्स में सोना 437 ग्राम व चाँदी 818 ग्राम कम पाई गई, जिस पर नियमानुसार देय कर की वसूली की गई। इसी प्रकार मेसर्स नितेश रितेश ज्वैलर्स में सोना 826.9 ग्राम और चाँदी 64.5 किलोग्राम कम पाई गई, जिस पर नियमानुसार देय कर का भुगतान कराया गया।

यहां आभूषण स्टॉक मिला अधिक

सीजीएसटी कार्रवाई के दौरान मेसर्स राजेश ज्वैलर्स में सोना 345 ग्राम एवं चाँदी 166 किलोग्राम अधिक पाई गई, जिस पर भी नियमानुसार देय कर का भुगतान कराया गया।

हेराफेरी करने अपनाए तरीकों को पहचान पकड़ा फर्जीवाड़ा

जांच के दौरान विभाग द्वारा मिली गड़बड़ियों, हेराफेरी, विसंगतियों पर उचित ड्यूटी अधिरोपित कर कुल 20 लाख की राजस्व वसूली की गई। आयकर प्रमाणित मूल्यांकनकर्ताओं के सहयोग से की गई इस सफल कार्यवाही ने फर्जी आईटीसी रैकेट की कार्यप्रणाली का पर्दाफाश किया है। लगभग 5.75 करोड़ रुपये के फेक आईटीसी बिलों समेत इसके अतिरिक्त फर्जी आईटीसी प्रकरण में अपनाए गए तौर-तरीकों की को पहचानक कर टीमों ने फर्जीवाड़ा पकड़ा।

बताओं पूर्व आदेश के बाद भी क्यों दर्ज नहीं की एफआईआर

▶ डीजीपी, जबलपुर एसपी व टीआई को अवमानना नोटिस

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने पुलिस अधिकारियों से पूछा है कि पूर्व में जारी आदेश के बावजूद एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई।

जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने डीजीपी कैलाश मकवाना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय और ग्वारीघाट थाना के एसएचओं सुभाष चंद्र बघेल को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। दरअसल यह मामला जबलपुर निवासी भूपिंदर सिंह रक्का की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता केके पांडेय, कौशलैश पांडेय एवं सिद्धार्थ पांडेय ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता ने 24 सितंबर 2025 को जमीन विवाद को लेकर संज्ञेय अपराधों से संबंधित शिकायत दर्ज कराई थी। हाईकोर्ट ने ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश शासन सहित सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के आलोक में कानून के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। याचिकाकर्ता की जमीन पर कुछ लोग हस्तक्षेप कर रहे थे। आदेश के अनुपालन में थाना ग्वारीघाट द्वारा जांच कर रिपोर्ट तैयार की गई, जिसे पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भेजा गया। इसके बावजूद अब तक न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही कोई निर्णय याचिकाकर्ता को बताया गया। दलील दी गई कि न्यायालय के आदेश की जानबूझकर अवहेलना की जा रही है। इसलिए अवमानना याचिका दायर की गई।

एसीआर नहीं होने पर भी कर्मचारी को मिलेगा चौथा वेतनमान

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया है वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन यानि एसीआर उपलब्ध न होने के आधार पर किसी कर्मचारी को चौथा वेतनमान और उससे जुड़े लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता। एकलपीठ ने न्यायालय ने विभाग को निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ता को चौथा वेतनमान प्रदान किया जाए। साथ ही उससे जुड़े सभी लाभ छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ दिए जाएं। दरअसल यह मामला सतना निवासी डॉ. अखिलेश मणि त्रिपाठी की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि विभाग के पास कुछ वर्षों की एसीआर उपलब्ध न होने के कारण उन्हें पूर्व में स्वीकृत चौथा वेतनमान और संबंधित लाभ नहीं दिए जा रहे थे। अधिवक्ता आकाश सिंघई ने तर्क दिया कि एसीआर का उपलब्ध न होना कर्मचारी की गलती नहीं हो सकता। केवल इसी आधार पर वेतनमान और अन्य वैधानिक लाभ रोकना कानूनन गलत है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला भी दिया गया।

चाइनीस मांझे से घायल प्रवासी 'सारस' का रेस्क्यू

▶ वन विभाग करवा रहा इलाज

मझौली। मझौली क्षेत्र में चाइनीस मांझे की जानलेवा लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। एक प्रवासी पक्षी 'पेंटेड डेवलपमेंट' (ग्रामीण भाषा में सरस) चाइनीस मांझे की चपेट में आ गया, जिससे उसका एक पंख बुरी तरह कट गया। गंभीर रूप से घायल पक्षी खेत में गिर पड़ा और उड़ने में असमर्थ हो गया।

घटना स्थल पर मौजूद इरफान मोहम्मद, मुंडा और भाईजान ने घायल पक्षी को देखा और बिना देर किए उसे मझौली के वेटरनरी अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार कराया गया, जिससे पक्षी की हालत स्थिर हुई।

सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और घायल पक्षी को अपने संरक्षण में लेकर आगे का इलाज शुरू कराया। बताया गया कि यह पक्षी मझौली चौकी क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 1 के एक निवासी को घायल अवस्था में मिला था, जिसने जिम्मेदारी दिखाते हुए उसे वन विभाग को सौंप दिया। वन विभाग ने इस घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि चाइनीस मांझा पक्षियों और अन्य जीवों के लिए अत्यंत घातक है। हर साल इसकी वजह से कई पक्षी घायल या मृत पाए जाते हैं, बावजूद इसके अवैध मांझे का उपयोग जारी है। वन विभाग और पशु चिकित्सा अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि— घायल पक्षी या वन्यजीव दिखने पर तुरंत वन विभाग या नजदीकी वेटरनरी अस्पताल को सूचना दें।

शहर में डल रही अमृत जल की पाइपलाइन वैकल्पिक मार्ग व्यवस्था की मांग



जबलपुर। मध्य प्रदेश शासन और नगर निगम जबलपुर के द्वारा अमृत जल योजना अंतर्गत शहर में पाइपलाइन को बचाने का कार्य प्रगति पर है परंतु शासन द्वारा जो ठेका दिया गया है उसका कार्य का तरीका सही नहीं है चारों ओर धूल का गुबार फैला हुआ है, धूल से व्यापारी, स्कूल के बच्चे दमे का शिकार बनने की संभावना हैं। ठेकेदार द्वारा चुंगी चौकी के आसपास गड्ढे खोदकर छोड़ दिए हैं ,सीवर लाइन से सटकर पाइपलाइन बिछाया जा रहा है किसी भी वस्तु की एक लाइफ्होती है, अगर सिवर लाइन लीक हुई तो पानी पीने वाले व्यक्ति के जीवन के लाले पड़ जाएंगे ,जिस जगह से पाइपलाइन का कार्य हो रहा है ,बजरेग नगर के आसपास रेलवे प्रशासन की जमीन है तो रेलवे प्रशासन अपना गेट बंद कर आम जनमानस को निकलने नहीं दे रही है, इसी प्रकार जेल प्रशासन द्वारा भी अपनी जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे खोदकर निकालने नहीं दे रहे हैं ।पाइपलाइन बिछाने का कार्य में वेल्डिंग घरेलू गैस सिलेंडर से किया जा रहा है जिससे शासन का करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। रेलवे जेल प्रशासन या कोई भी शासकीय ,शासकीय भूमि से सहमति बनाकर निकालने की सुचारू व्यवस्था की मांग लोक क्रांति अभियान जबलपुर मप्र के संयोजक सरमन रजक, एडवोकेट सुधीर शर्मा पंडित विवेक अवस्थी, बैजनाथ कुशवाहा, राधेश्याम अग्रवाल, नरेश चक्रवर्ती, अतुल गुप्ता, राजेश मंझार, चुंगी चौकी कांच घर व्यापारी संघ के संजू भोजक, सुनील तिवारी, जीपी पांडे,राजेश पराग, शरण चौहटेल, गिरीश कुरील,दीपक ठाकुर, राजेश बचवानी, मनोज चौरसिया चंदन चौधरी, गगन प्रजापति, लाली सेन, विक्की विश्वकर्मा, ने की है।

रंगदारी न देने पर बिल्डर को पीटा

जबलपुर। गढ़ा थाना अंतर्गत शाहीनाका के पास बदमाशों ने रंगदारी नहीं देने पर बिल्डर की पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आशीष नायक 36 वर्ष निवासी पचमठा मंदिर के पीछे देवीनगर गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह प्रापर्टी का काम करता है। बीती रात 11-15 बजे अपने घर पचमठा से अपने दूसरे घर श्री परिसर सोसायटी शाही नाका मोटर सायकिल से जा रहा था जैसे ही चंद्र किराना स्टोर के सामने पहुंचा तभी छुई खदान निवासी बुद्धू बर्मन, राम बर्मन, निखिल पटेल, बूची सेन मिले जो उससे 2 हजार रूपये मांगने लगे उसने रूपये देने से मना किया तो चारों हाथ मुक्को से मारपीट करने लगे तभी निशांत एवं रोहन भी आ गये और दोनो उससे रूपये मांगने लगे उसने रूपये देने से मना किया तो निशांत एवं रोहन भी मारपीट करने जिससे उसके पीठ व गाल में चोट आ गयी, लोग बचाने आये तो सभी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

दृष्टिबाधित शिक्षक संघ का स्थापना दिवस मनाया

जबलपुर। प्रदेश में हजारों दृष्टि बाधित शिक्षक अपनी संपूर्ण ऊर्जा और क्षमता का उपयोग कर पूर्ण निष्ठा,लगन व समर्पण से शैक्षणिक कार्यों का संपादन करते हुए शिक्षा के विकास में महत्वपूणज़्योगदान दे रहे हैं ।परंतु शासन की वतज़्मान नीतियों के कारण इन शिक्षकों की चुनौतियां बढ़ गई हैं। ई-अटेंडेंस,एफएलएन ब्रेल सामग्री की अनुपलब्धता ,एक या दो शिक्षकीय शालाओं में पदस्थापना, सॉफ्टवेयर एवं पोटज़्ल संबंधी समस्याओं के कारण इन्हें अपने कत्तज़्व्यों के समुचित निवज़्हन में कठिनाइयां आ रही हैं ।शासन स्तर से जिनका निदान आवश्यक है। उक्त उद्गार दृष्टिबाधित शासकीय शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के सप्तम स्थापना दिवस पर जबलपुर में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में अतिथियों और संघ के पदाधिकारियों ने व्यक्त किए।

सम्मेलन में कई जिलों के शिक्षक शामिल हुए। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ पूर्व दिव्यांग जन आयुक्त दीपांकर बैनर्जी के मुख्य आतिथ्य, प्रदेशाध्यक्ष मुकेश यादव, महासचिव नितेश ठाकुर, वासुदेव चौहान , समाजसेवी डॉ.एचपी तिवारी तथा सुनील कुमार जैन की गन्नू यादव विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। द्वितीय सत्र विधायक अजय विश्नोई के मुख्य आतिथ्य, विधायक डॉ.अभिलाष पांडे अध्यक्षता तथा स्टेट डिसेबिलिटी कोऑर्डिनेटर डॉ.श्रद्धा तिवारी व समावेशी शिक्षा के संभागीय नोडल अधिकारी डॉ.राम नरेश पटेल के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

ढोल की थाप पर थिरके बुजुर्ग

▶ सैम सीनियर सिटीजन क्लब ने मनाया लोहड़ी एवं संक्रांति पर्व

नवभारत, जबलपुर। जैसे ही सूर्य अस्ताचल की ओर भरा वैसे ही ढोल और नगाड़ों की थाप पर साउथ एवेन्यू मॉल में सैम सीनियर सिटीजन क्लब के 100 से अधिक सदस्यों ने लोहड़ी प्रज्वलित की। पंजाबी गीतों के बीच पूरा वातावरण खुशी और उत्साह से भर गया। प्रभा बच्चन श्रीवास्तव एवं मेंहदी दत्ता के पंजाबी नृत्य ने सबको तालियां बजाने मजबूर कर दिया।

क्लब संयोजक जादूगर एस के निगम के संयोजन एवं पूर्व न्यायाधीश मीणा पुरुषोत्तम भट्ट के मुख्य आतिथ्य में संपन्न इस महोत्सव में जसवीर चोपड़ा, रश्मि श्रीवास्तव, अनीता आहूजा, आरती जायसवाल, राजकुमारी रैकवार, दिनेश स्थापक, बच्चन श्रीवास्तव जमकर थिरके।

वहीं सरदार अमरजीत, रंजीता, पूनम सेठी, ऋतिक, उर्मिला श्रीवास्तव, विजय राजपूत ने अपने गीतों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। संचालन नीरज शुक्ला एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ रंगकर्मी लक्ष्मण सिंह चौहान ने किया। अंत में सभी सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए मिष्ठान वितरित किया।

स्काई ने 8 विकेट तो गोल्ड ने 33 रन से जीता मैच

जबलपुर, नवभारत। जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वाधान में उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर एवं हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के सहयोग से 16-वां एडवोकेट्स प्रीमियम लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेन्ट का मैच टीम ब्लू एवं टीम स्काई के बीच आयोजित किया गया, टॉस जीत कर पहले बल्ले बाजी करते हुये टीम ब्लू ने निर्धारित 18 ओवर, 6 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाए, जबाव में टीम स्काई ने लक्ष्य का पीछा करते हुये 14.2 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाते हुए 8 विकेट से मैच जीता। इसी क्रम में दूसरा मैच टीम गोल्ड और टीम व्हाइट के बीच आयोजित किया गया जिसके पश्चात् टीम गोल्ड ने पहले बल्ले बाजी करते हुये निर्धारित 20 आवेर में विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए, जबाव में टीम व्हाइट ने लक्ष्य की पीछा करते हुए 16.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 116 रन बनाए इस प्रकार टीम गोल्ड ने 33 रन से मैच जीत लिया।

मथुरा बस्ती में विशाल हिन्दू सम्मेलन आज - जबलपुर। मथुरा बस्ती, विजय नगर में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन आज रविवार को शाम 3 बजे से श्री राम गार्डन, गली नं. 5, लमती में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि यह अवसर सभी के लिए ज्ञान, एकता और सांस्कृतिक चेतना बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। मथुरा बस्ती निवासियों ने सभी से सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया है।

5 से 13 अप्रैल तक 9 दिवसीय श्रीराम कथा

नवभारत,जबलपुर। समरसता सेवा संगठन के तीन वर्ष पूर्ण होने पर जगदगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी के श्रीमुख से 5 से 13 अप्रैल 2026 तक नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन संस्कारधानी जबलपुर में होगा। इसे शहर की गरिमा और गौरव के अनुरूप भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए समरसता सेवा संगठन ने गणमान्य, प्रबुद्ध जन और सर्व समाज के प्रतिनिधियों की बैठक सरदार बल्लभ भाई पटेल सभागार, गुजराती मंडल सिविक सेंटर में आयोजित की।

बैठक में उपस्थित जनों ने इसे संस्कारधानी वासियों के लिए विशेष सौभाग्य बताया। संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा कि संगठन ने 'सब सबको जाने - सब सबको माने' के ध्येय से अपने तीन वर्ष की यात्रा पूरी की है और आगामी चारवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। बैठक में कार्यक्रम की कार्ययोजना पर विचार विमर्श हुआ और सभी ने सहयोग का आश्वासन दिया। प्रमुख उपस्थितजनों में शरदभाई पालन, पं. हरिशंकर दुबे, पं. रमेश दुबे, वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र वाजपेयी, प्रो. आशुतोष दुबे, एड. मनीष मिश्रा, पं. देवेंद्र त्रिपाठी, पं. अशोक पांडे, गुलशन मखीजा सहित अनेक समाज और सांस्कृतिक प्रतिनिधि शामिल थे।

देशी गाय से कृषि, स्वास्थ्य व पर्यावरण सशक्त : डॉ. सिंह

नवभारत,जबलपुर। देशी गौवंश रक्षण एवं संवर्धन न्यास महाकौशल प्रांत, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि) जबलपुर एवं मध्यप्रदेश गौसंवर्धन बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिक संस्कृति में भारतीय गौवंश का महत्व एवं भारतीय देशी नस्लों की श्रेष्ठता' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गुरु प्रसाद सिंह (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी) रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, डॉ. संजय वाते, राजकुमार जैन, डॉ. एम.एल. केवट, सोहन विश्वकर्मा, लाल बहादुर, वैद्या नंदनी भोजराज, वैद्या गरिमा तिवारी, गजेन्द्र डहरवाल एवं तुलाराम मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि डॉ. गुरु प्रसाद सिंह ने कहा कि भारतीय देशी गौवंश के संरक्षण से कृषि, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं सुपोषण को सुदृढ़ किया जा सकता है। मुख्य वक्ता सुनील मानसिंहका (केन्द्रीय मंत्री, भारतीय गौवंश रक्षण संवर्धन परिषद) ने कहा कि गोबर और गोमूत्र से किसान समृद्ध, भूमि उर्वर और जल-आहार शुद्ध हो सकता है। कार्यशाला में कृषि, आयुर्वेद, पशु विज्ञान, फार्मेसी एवं एलोपैथी के छात्र, वैज्ञानिक, प्राध्यापक, गौशाला संचालक तथा गायत्री परिवार, विश्व हिन्दू परिषद, गौरक्षा विभाग, भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में सतेंद्र सिंह (प्रांत गौरक्षा प्रमुख), डॉ. गावस्कर बार्ली (अध्यक्ष, देशी गौवंश रक्षण एवं संवर्धन न्यास) एवं उमेश मिश्र (प्रांत मंत्री, वि.हि.प. महाकौशल) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित शर्मा ने किया।

प्रमाण पत्र पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

▶ जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में 3636 विद्यार्थियों ने की सहभागिता

नवभारत,जबलपुर। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों पर शासकीय स्कूलों के कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 16 एवं 17 जनवरी 2026 को जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने बताया कि प्रथम दिवस 16 जनवरी को 1616 विद्यार्थियों तथा द्वितीय दिवस 17 जनवरी को 2020 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। परीक्षा कक्षा 2-3, 4-5 एवं 6 से 8 स्तर के लिए ओएमआर शीट आधारित आयोजित की गई, जिससे विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता मिले। परीक्षा के पश्चात सभी विद्यार्थियों को भोजन कराया गया तथा राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। ओलंपियाड परीक्षा में कक्षा अनुसार हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण, सामान्य ज्ञान, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत विषय शामिल रहे। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण द्वितीय दिवस एपीसी राजेश तिवारी ने नगर शिक्षा केंद्र एक अंतर्गत शासकीय एमएलबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं नगर शिक्षा केंद्र दो अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ब्यौहारबाग के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीआरसी आशीष श्रीवास्तव, डीसी अहिरवार, बीएसी अजय रजक सहित बीआरसी टीम उपस्थित रही।

पनागर में हिंदू सम्मेलन आज

नवभारत,पनागर। हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज रविवार को 1 बजे से सब्जी मंडी बस स्टैंड, पनागर में किया जाएगा। समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और सनातन संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ करना है।

समिति का कहना है कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा मिलती है। नगरवासियों में सम्मेलन को लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की गई है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1.	PRO - 770 Date: 17/01/2026 2026_UAD_ 475858_1	संभाग क्र. 07 निर्मल चंद जैन वार्ड अंतर्गत पुराना कंचनपुर सनसिटी दुर्गा मंदिर क्षेत्र के पास सी.सी रोड निर्माण कार्य।	2 माह / 32.36	5,000/- / 24300/-	19/02/2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर

निधन

प्रेम चन्द्र अग्रवाल

जबलपुर। शमतीनगर गुप्तेश्वर निवासी प्रेम चन्द्र अग्रवाल का 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे देवेन्द्र अग्रवाल के पिता, नौरंगी लाल अग्रवाल के बड़े भाई एवं कैलाश अग्रवाल, कृष्ण कुमार योगेन्द्र, विशाल अग्रवाल के चाचा थे। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ।

बलराम पटेल

बेलखाडू। बमुरिया(कैथरा) निवासी बलराम पटेल का 48 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप भगवानदास पटेल के पुत्र आयुष पटेल के पिता थे ।अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम बमुरिया में संपन्न हुआ।

भरतीपुर में पथराव, तोड़फोड़,मछली कारोबारी घायल

नवभारत, जबलपुर। ओमती थाना अंतर्गत भरतीपुर में बदमाशों ने जमकर उपद्रव मचाया। एक घर में पथराव कर तोड़फोड़ कर मछली कारोबारी पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि राजेश सोनकर 54 वर्ष निवासी शिवपार्वती मंदिर के पीछे भरतीपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मछली बेचने का काम करता है बीती रात घर में खाना खा रहा था तभी राजकुमार सोनकर, शुभम सोनकर, पवन सोनकर, ओम सोनकर उसके घर के अंदर घुसकर तोड़फोड़ कर पथराव करने लगे जिससे डरकर वह, उसकी पत्नी, शीला सोनकर, भांजी शालिनी सोनकर घर से निकलकर बाहर भागे तो राजकुमार सोनकर, शुभम सोनकर ने मिलकर उसे पकड़ लिये एवं पवन एवं ओम सोनकर ने बेसबाल के डंडे से हमलाकर सिर हाथ, आंख के बाजू से चोट पहुँचा दी। इसके बाद सभी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पथराव से उसके दरवाजा, स्कूटी में नुकसान हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय - रसल चौक, नेपियर टाउन, जबलपुर - 482001
ई-मेल: crld.jabalpur@unionbankofindia.bank.in

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नीलामी सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विषेष रूप से उधार लेने वाले और प्रतिभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता हैं की नीचे वर्णित अचल संपत्तियों जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूति लेनदार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की संबंधित शाखा के पास प्रभारित है उक्त संपत्तियों को ''जहां है जैसा है'' और ''जो कुंछ भी है'' के आधार पर दिनांक 27.02.2026, दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे के मध्य प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित संबंधित ऋणियों एवं प्रतिभूति दाताओं से निम्नलिखित बाकाया धन राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि तथा अन्य विस्तृत की जानकारी निम्नानुसार है।

क्र.	ऋणी/जमानतदार एवं शाखा का नाम	संपत्ति का विवरण	बकाया राशि (रू.)	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	सम्पर्क व्यक्ति का नाम एवं मोबाईल नं.
1.	उधारकर्ता: श्री अनुपम अहरवाल	मौजा तिलहरी प्लॉट संख्या 17, प्लॉट क्षेत्रफल 2100 वर्ग फुट, डायवर्जन खसरा संख्या 311/2, 317, 318, 319/3 और 320/2, पटवारी हल्का संख्या 28, एनबी संख्या 231, खसरा संख्या 311/2 का भाग, वीरंगना अवंती बाई वार्ड, जबलपुर, मध्य प्रदेश में स्थित संपत्ति। सीमाएँ: उत्तर - प्लॉट संख्या 16, दक्षिण - प्लॉट संख्या 18, उषा लांबा डाकघर, पूर्व - बगीचा, पश्चिम - सड़क।	Rs. 28,98,849.83/- with further Interest, cost & expenses	Rs. 4641000/- / Rs. 464100/-	Vivek Katiya 8871402030
2.	उधारकर्ता: 1. श्रीमती सीमा गुप्ता पत्नीश्री अमित गुप्ता आर/ओ. एल-21, गुप्तेश्वर वार्ड, राम मंदिर के पास, एमपीएचबी कॉलोनी, जबलपुर, म.प्र. - 482001 2. श्री अमित गुप्ता पुत्र स्व. स्वर्गीय बेनी माधव गुप्ता आर/ओ. टावर नंबर 9, फ्लैट नंबर बी-4, साईधाम सुख सागर ब्लू, लालपुर, भिटौली, ग्वारीघाट, जबलपुर एमपी 482001	सुख सागर ब्लू के टावर नंबर-9 की दूसरी मंजिल पर स्थित आवासीय फ्लैट नंबर बी-4, खसरा नंबर 57/4 पर निर्मित, क्षेत्रफल 18650 वर्ग मीटर, एनबी 603, पीसी नंबर 23/27, न्यू 8, मौजा ग्वारिघाट, लालपुर के पास, आरआई सर्कल जबलपुर, ग्वारिघाट वार्ड, जिला और तहसील जबलपुर, मध्य प्रदेश। निर्मित क्षेत्र - 623 वर्ग फुट और भूमि भाग 0.95 वर्ग मीटर। सीमाएँ (बिक्री विलेख के अनुसार): पूर्व: खुला क्षेत्र, पश्चिम: फ्लैट नंबर बी-3, उत्तर: खुला क्षेत्र, दक्षिण: फ्लैट नंबर बी-1 और बी-2	Rs. 993332.57/- with further Interest, cost & expenses	Rs. 2370000/- / Rs. 237000/-	Shailesh Koshta 7666382425

विक्रय से संबंधित और शर्तों के ब्यौरे के लिए वेबसाईट https://baanknet.com and https://www.unionbankofindia.co.in/auction-property/view-auction-property.aspx

स्थान: जबलपुर दिनांक: 18.01.2026

प्राधिकृत अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया